


सांध्य दैनिक 4PM

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्ष: 10 ● अंक: 75 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024

मूल्य ₹ 3/-




नफरत करना आसान है, प्रेम करना मुश्किल। चीजें इसी तरह काम करती हैं। सारी अच्छी चीजों को पाना मुश्किल होता है और बुरी चीजें बहुत आसानी से मिल जाती हैं।
–कन्फ्यूशियस

जिद...सच की


सूर्या व बुमराह ने मुंबई को... 7 | मुद्दों को सुलगाए रखना चाहते... 3 | केजरीवाल की सेहत से हो रहा... 2


# तमिलनाडु से लेकर बंगाल तक जमकर हुआ मतदान

## उत्तर प्रदेश में सपा ने बूथ कैप्चरिंग का लगाया आरोप

- कूचबिहार में मतदान ड्यूटी पर तैनात जवान की मौत
- सभी दलों ने किए अपनी-अपनी जीत के दावे
- पीएम मोदी व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने की वोट देने की अपील

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक महोत्सव की शुरुआत हो गई है। इस वोटिंग प्रक्रिया में पूरे देश में जमकर लोग अपनी भगीदारी कर रहे हैं। तमिलनाडु , बंगाल , त्रिपुरा से लेकर यूपी तक में मतदाता बढ़चढ़ कर वोट देने के लिए चिलचिलाती धूप में घरों से निकल रहे है। दोपहर 1 बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 53 प्रतिशत व बंगाल में 50 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी थी जबकि यूपी में 36.96 प्रतिशत मतदान की सूचना प्राप्त हुई है। उधर कहीं कहीं से छिटपुट हिंसक घटनाओं को छोड़कर शांति से मतदान हो रहा है।

इस बीच सभी दलों ने मतदाताओं से वोट देने की अपील की है। साथ ही अपनी-अपनी जीत के दावे किए हैं। उधर पश्चिम बंगाल में कूचबिहार में मतदान ड्यूटी पर तैनात जवान की मौत हो गई। वहीं यूपी सपा ने बूथ कैप्चरिंग का आरोप लगाया है। गौरतलब हो कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर आज मतदान चल रहा है। कुल संसदीय क्षेत्रों के 19 फीसदी सीटों पर मतदान जारी है। 44 दिनों की लोकतांत्रिक यात्रा एक जून तक चलेगी। चार जून को नतीजे घोषित होंगे।



### दोपहर 1 बजे तक उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर 36 प्रतिशत मतदान

| | | |
|---|---|---|
| बिजनौर | – | 36.08 प्रतिशत |
| कैराना | – | 37.92 प्रतिशत |
| मुरादाबाद | – | 37.25 प्रतिशत |
| मुजफ्फरनगर | – | 34.51 प्रतिशत |
| नगीना | – | 38.28 प्रतिशत |
| पीलीभीत | – | 38.51 प्रतिशत |
| रामपुर | – | 32.86 प्रतिशत |
| सहारनपुर | – | 42.32 प्रतिशत |

### मणिपुर में कुकी-ज़ो मतदाताओं का विरोध, कई मतदान केंद्र दिखे खाली

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में पहले चरण का मतदान सुबह 7:00 बजे शुरू हुआ, जिसमें समुदाय के शीर्ष निकाय के बहिष्कार के आह्वान के बाद कुकी-ज़ो मतदाताओं की ओर से शून्य मतदान के साथ खाली मतदान केंद्र थे। मतदान केंद्र कुकी-ज़ो मतदाताओं के अनुपस्थित रहने के कारण सुनसान दिखे। हालाँकि, अन्य समुदायों के मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

### बड़े अंतर से जीतेंगे जमुई : पासवान



लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा, जमुई की सीट हम एक बड़े अंतर के साथ जीतने जा रहे हैं और यही माहौल चारों सीट पर है। गठबंधन में मजबूत होकर हमने अपनी बातों को जनता तक पहुंचाया। इंडिया गठबंधन से आरजेडी के अलावा कोई बड़ा नेता प्रचार करने नहीं आया। अभी तक कांग्रेस का कोई बड़ा नेता सक्रिय रूप से नहीं दिखा। वे लोग जानते हैं कि ये चुनाव उनके लिए हर बार से ज्यादा कठिन है। पहले चरण की चारों सीटें हम जीत रहे हैं।

## यूपी में घरों से खूब निकले मतदाता

उत्तर प्रदेश की रामपुर, पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, नगीना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर और मुरादाबाद सीट पर वोटिंग जारी है। बुर्के में वोट डालने आने वाली मुस्लिम महिला मतदाताओं की जांच के लिए लगाई गई मुस्लिम बूथ एजेंट, पहचान के लिए नकाब हटवाकर आई डी से किया जा रहा है मिलान। भाजपा ने पहली बार किया है बुर्के वाली बूथ एजेंटों की तैनाती। मुरादाबाद के ब्लॉक बूथ पर है तैनाती ,बोली अभी तक कोई फर्जी वोटर नहीं पाया गया सब ठीक चल रहा है।11 बजे तक यूपी में 25.20 प्रतिशत, उत्तराखंड में 24 फीसदी वोटिंग हुई। लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश की 8 और उत्तराखंड की 5 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल 2024, शुक्रवार को जारी है। इसके लिए सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए है। वंही भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत बोले, मुजफ्फरनगर में कांटे और संघर्ष का चुनाव है, संजीव बालियान और हरेंद्र मलिक के बीच है चुनाव, बोले, लोगों का चुनाव से मोह भंग हो चुका है, पूरे भारत में एक ही दिन हो चुनाव, तीसरे दिन रिजल्ट हो घोषित, पीएम मोदी के 400 पार के नारे पर कहा...क्या जरूरत है चुनाव कराने की। उधर सपा ने आरोप लगाया है कि कैराना में वोटर्स को मतदान से रोका जा रहा है, सपा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा- कैराना लोकसभा के गंगोह में बूथ संख्या 7 पर प्रशासन द्वारा लोगों को मतदान करने से रोका जा रहा है. संज्ञान ले चुनाव आयोग, निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित हो।

### उदयनिधि स्टालिन ने डाला वोट



चेन्नई के अलवरपेट में तमिलनाडु सरकार के मंत्री और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने वोट डाला। वोटिंग के बाद उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि मैंने तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों का दौरा किया है। तमिलनाडु की जनता का रुझान निश्चित तौर पर डीमेके और इंडिया गठबंधन के पक्ष में है। हमारी चुनाव में एकतरफा जीत होगी।

### दुनिया की सबसे छोटी महिला ने दिया वोट



दुनिया की सबसे छोटी महिला ज्योति आम्गे ने आज नागपुर के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

## नागपुर में गडकरी, डिप्टी सीएम फडणवीस ने परिवार समेत किया मतदान

नागपुर में मतदान करने के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने कहा, कि लोकतंत्र का महोत्सव शुरू हो चुका है। अभी-अभी मैंने, मेरी पत्नी, मेरी मां और मेरे परिवार ने मतदान किया। मैं जनता से अपील करता हूं कि मतदान करें, लोकतंत्र को मज़बूत करें, लोकतंत्र के इस महोत्सव में अपनी हिस्सेदारी दर्ज़ करें। वहीं केंद्रीय मंत्री और नागपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार नितिन गडकरी ने आम चुनाव के पहले चरण में मतदान शुरू होने के बाद शुक्रवार को यहां अपने मताधिकार का उपयोग किया। तीसरा कार्यकाल हासिल करने की उम्मीद कर रहे गडकरी अपनी पत्नी, दो बेटों और बहू के साथ महल इलाके के टाउन हॉल में एक मतदान केंद्र पर पहुंचे। मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि वह बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे। चुनावों को लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव बताते हुए उन्होंने कहा, ''मैं उम्मीद करता हूं कि देश के लोग मतदान के अपने अधिकार का इस्तेमाल करेंगे जो कि उनकी जिम्मेदारी भी है।

# केजरीवाल की सेहत से हो रहा खिलवाड़ : आप

## » उपराज्यपाल ने 24 घंटे में रिपोर्ट मंगवाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की जेल में सेहत को लेकर राजधानी के सियासत गरमा गई है। उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को इंसुलिन देने के मामले में जेल के डीजी से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। एलजी ने मंत्रियों और आप नेताओं के बयानों पर आधारित रिपोर्टों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसमें कहा गया कि जेल में केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दिया जा रहा। इस आरोप के बाद उपराज्यपाल ने जेल के डीजी से तथ्यात्मक और व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही, उन्होंने कहा है कि जेल एक हस्तांतरित विषय के रूप में सीधे और पूरी तरह से दिल्ली सरकार के अधीन आता है। उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया है कि सीएम के स्वास्थ्य के संबंध में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने सिर्फ दो दिन जेल में किया नाश्ता : तिहाड़ प्रशासन





तिहाड़ में बंद केजरीवाल की सेहत के मामले में जेल अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने सिर्फ दो दिन जेल का नाश्ता किया है। इसके बाद से खाने से लेकर जरूरी चीजें उनके घर से मंगाई जा रही हैं। जेल प्रशासन के सूत्रों का कहना है कि अदालत ने केजरीवाल को दिन व रात का खाना घर से मंगाने की अनुमति दी थी, लेकिन बाद में नाश्ता भी घर से मंगाने की अनुमति मिल गई। ऐसे में खाने के अलावा नाश्ता, पानी व इंसुलिन सहित तमाम दवाइयां घर से ही आ रहीं हैं। मधुमेह की जांच के लिए डॉक्टर जेल के उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं।

## आप विधायक से 13 घंटे पूछताछ, भाजपा पर भड़के

प्रवर्तन निदेशालय ने वक्फ बोर्ड नियुक्ति मामले से जुड़े घोटाले के आरोप में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान से बृहस्पतिवार को 13 घंटे पूछताछ की। पूर्वाह्न 11 बजे शुरू हुई पूछताछ के बाद उन्हें रात 12.30 बजे बाद छोड़ा गया। इस बीच, यह सूचना भी आई कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है, जो गलत निकली। ओखला से विधायक खान पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ईडी के सामने पेश हुए थे। अमानतुल्लाह पर दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष रहते 32 लोगों की अवैध रूप से नियुक्ति का आरोप है। वक्फ बोर्ड की संपत्तियां अवैध रूप से किराये पर देने का भी आरोप है। उनके कुछ करीबियों के ठिकानों पर एजेंसी ने छापे भी मारे थे। ईडी के दफ्तर से लौटे अमानत ने कहा कि मैं पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने मुझे 18 अप्रैल को जांच में शामिल होने के लिए कहा था। मुझसे 12-13 घंटे तक पूछताछ की गई और मैंने उनके द्वारा पूछे गए सभी सवालों के उचित जवाब दिए।

## जेल से बाहर आने की तरकीब निकाल रहे सीएम : सचदेवा

भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल एक सोची समझी नीति के तहत जेल से बाहर निकलना चाह रहे है। वह अपना वजन बढ़ा रहे हैं ताकि मेडिकल आधार पर जमानत मिल सके। जांच एजेंसी ने जो जानकारी न्यायालय को दी है, वह चौंकाने वाली है। जेल में रहते हुए उनका वजन एक किलो बढ़ा है। टाइप-2 डायबिटीज होने के बावजूद सीएम जेल में लगातार घर से मिठाई और आम मंगवा रहे हैं। केजरीवाल को इस बात की जानकारी है कि जो सबूत जांच एजेंसियों के हाथ लगे हैं वह उनके खिलाफ है।

## भाजपा कर सकती है मेयर चुनाव में गड़बड़ी : आतिशी

मंत्री आतिशी ने दावा किया कि महापौर व उपमहापौर चुनाव में भाजपा गड़बड़ी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसके बावजूद वे उम्मीद करती हैं कि एमसीडी में मिले जनादेश और बहुमत का भाजपा सम्मान करेगी और किसी भी तरह की गलत कार्रवाई करने की कोशिश नहीं करेगी। महापौर व उपमहापौर का चुनाव गठबंधन मिलकर लड़ेगा। कांग्रेस के पार्षद आप के उम्मीदवारों को समर्थन देंगे। वही, मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एमसीडी में आप का बहुमत है। लिहाजा, भाजपा चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में वोटों की गड़बड़ी करने जैसा प्रयास यहां नहीं करेगी। हमें लगता है कि कुछ विधायकों को गिरफ्तार किया जाएगा। भाजपा की कोशिश की है कि किसी तरह से आप को तोड़ा जाए।



# पीएम के झांसे में मत आएं: तेजस्वी

## » बोले- मोदी की गारंटी चाइनीज माल की तरह

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



बेगूसराय। बेगूसराय लोकसभा से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अवधेश कुमार राय के नामांकन के अवसर पर जन आशीर्वाद महासभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन बेगूसराय के आईटीआई मैदान में आयोजित हुआ। जहां सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी के पास कोई मुद्दा नहीं है। ये लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री ने लोगों को ठगने का काम किया है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन देश के प्रधानमंत्री मुद्दे की बात ना करके परिवारवाद पर बात करते हैं। इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर मेरी सरकार बनेगी तो रोजगार की भरमार लगेगी और युवाओं को नौकरी दी जाएगी। वहीं तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को चाइनीज माल करार दिया है। अपने संबोधन में तेजस्वी यादव ने कहा की मोदी जी का गारंटी चीनी माल वाली गारंटी है। जबतक चुनाव है तब तक की गारंटी है, उसके बाद कुछ होने वाला नहीं है। इसलिए इनके झांसे में नहीं आना है।

## रोहिणी ने राजीव प्रताप रूडी को बताया बेवकूफ नेता

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी और महागठबंधन की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने राजीव प्रताप रूडी पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने राजीव प्रताप रूडी को बेवकूफ नेता करार दिया है। रोहिणी ने कहा कि यह (राजीव प्रताप रूडी) बेवकूफ आदमी है, जो बार-बार भाग जाता है। मुझे क्या उसके जैसा समझा है? रोहिणी ने आगे कहा कि राजीव प्रताप रूडी पांच साल में बस एक बार चेहरा चमकाने के लिए आते हैं। ये आशीर्वाद प्यार छोड़कर कोई बेवकूफ आदमी ही न होगा जो भागता होगा। इस दौरान रोहिणी आचार्य ने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के बीच रहते ही नहीं हैं, जबकि रोहिणी चुनाव जीतने के बाद छपरा की जनता के बीच रहकर सेवा करेंगी। रोहिणी आचार्य ने कहा कि हमें लोगों का अपार आशीर्वाद और प्यार मिल रहा है।

# सुबह भाजपा में फिर शाम को कांग्रेस में वापसी

## » अमेठी सांसद से सिर्फ शिष्टाचार वश मिलने गए थे : अग्रहरि

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



अमेठी। सियासत का खेल शुरू हो गया है। बृहस्पतिवार को सुबह भाजपा ने दावा किया कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की मौजूदगी में कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश सह समन्वयक विकास अग्रहरि ने भाजपा का दामन थाम लिया है। यह खबर तेजी के साथ सियासी गलियारे में फैल गई। हालांकि, शाम को अग्रहरि ने कहा कि वह अमेठी सांसद से सिर्फ शिष्टाचार वश मिलने गए थे, भाजपा में शामिल होने की बात को उन्होंने खारिज किया है।

कहा कि वह पूरी तरह से कांग्रेस के साथ है। भाजपा प्रवक्ता चंद्र मौलि सिंह ने दावा किया था कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति जुबिन इरानी की मौजूदगी में कांग्रेस के प्रदेश सह समन्वयक विकास अग्रहरि ने बृहस्पतिवार को भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने विकास अग्रहरि को पार्टी में शामिल करते हुए उन्हें पटका भी पहनाया। इसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद शाम को ही पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जहां जगदीशपुर के रानीगंज निवासी विकास अग्रहरि ने बताया कि वह बृहस्पतिवार की सुबह शिष्टाचार वश सांसद स्मृति ईरानी से मिलने उनके आवास पर गए थे, जहां भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने राम मंदिर प्रसाद स्वरूप भगवा गमछा उनके गले में डाल दिया।

## भाजपा ने सभी को छला : मोना

लखनऊ। कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भाजपा ने देश के लोकतंत्र को कमजोर करने का पूरा प्रयास किया है। शुक्रवार को पहले चरण का मतदान हो रहा है। भाजपा ने किसानों, नौजवानों और महिलाओं सभी को छला है। इंडिया गठबंधन इसका मुहतोड़ जवाब देगा। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ी है। देश में 83 फीसदी युवा बेरोजगार हैं। कांग्रेस ने 25 साल के युवाओं को पहले साल में एक लाख की नौकरी की गारंटी देने का एलान किया है। पेपर लीक जैसे प्रकरण खत्म होंगे।

## किसी के बहकावे में आकर वापस हो गए: भाजपा

भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने कहा कि विकास बृहस्पतिवार की सुबह भाजपा ज्वाइन करने के लिए ही आए थे, जिसके चलते उन्हें पार्टी में ज्वाइन कराया गया। शाम तक वह किसी के बहकावे में आकर वापस हो गए हैं। कहा कि अब आगे से जिसे पार्टी में ज्वाइन कराया जाएगा, उसका लिखित व रिकार्ड बयान भी रखा जाएगा।

# वोटों से पता चल जाएगा आजाद को कितना समर्थन है : उमर

## » आजाद उधमपुर से नहीं लड़े तो अनंतनाग से क्या लड़ेंगे चुनाव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि गुलाम नबी आजाद अपनी उधमपुर-डोडा सीट से चुनाव नहीं लड़े तो वह अनंतनाग-राजोरी सीट से चुनाव क्या लड़ेंगे। उमर ने कहा कि उनके चुनाव न लड़ने के फैसले से उन्हें किसी तरह की हैरानी नहीं हुई, क्योंकि वे जानते थे कि ऐसा होना ही है। गुरुवार को नेकां प्रत्याशी मियां अल्ताफ के पर्चा भराने के लिए अनंतनाग पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। अब उनकी पार्टी ने एक नया उम्मीदवार खड़ा किया है।

लोगों के बीच उनका कितना समर्थन है, यह आपको निकट भविष्य में पता चल जाएगा। घाटी में तीन सीटों पर भाजपा द्वारा कोई उम्मीदवार नहीं उतारे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा, अभी भी 24 घंटे बाकी हैं। कौन जानता है कि वे ऐसा ही कर दें। अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में बंदूक संस्कृति से होने वाले नुकसान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस हिंसा का सबसे ज्यादा शिकार हुई है। उन्होंने कहा,वे अच्छी तरह से जानते हैं कि बंदूक संस्कृति कहां से आई। नेशनल कॉन्फ्रेंस से ज्यादा कोई पार्टी इस बंदूक संस्कृति का शिकार नहीं हुई है।






# मुद्दों को सुलगाए रखना चाहते हैं सियासतदां!

## विपक्ष बेरोजगारी, चुनावी बॉण्ड व महंगाई को बार-बार उठा रहा

- बीजेपी व कांग्रेस में होगी कड़ी टक्कर
- सत्ता पक्ष चाहता है धार्मिक मुद्दे तारी रहें
- राकांपा व शिवसेना को तोड़ने से बीजेपी से नाराज हैं मराठी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। पहले चरण का मतदान कल है। चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू हो गये हैं। इसी के साथ नेताओं में जुबानी जंग भी तेज हो गई है। सारे दल अपने-अपने मुद्दों को हवा देकर उसे सुलगाएं रखना चाहते हैं। महाराष्ट्र, बिहार, यूपी, बंगाल से लेकर पूरे देश में सत्ता पक्ष व विपक्ष में एक दूसरे पर वार-पलटवार जारी है। वैसे तो पूरे देश में विपक्ष के निशाने पर प्रधानमंत्री मोदी व उनकी पार्टी बीजेपी है। पर महाराष्ट्र में अजित पवार पर पूरा विपक्ष हमलावर है। उनके विवादित बयानों पर राज्य की सियासत गरमाई है। इंडिया गठबंधन इसको मुद्दा बनाने की फिराक में है। वहीं बिहार में राजद व लोजपा में टकरार बढ़ी हुई है। तो बंगाल में रामनवमी के बहाने बीजेपी टीमएसी को घेर रही है। दक्षिणी राज्यों में भी बीजेपी धर्म को मुद्दा बनाने के लिए साम-दाम-दंड-भेद की नीति पर काम कर रही है तो विपक्ष बेरोजगारी व महंगाई जैसे मुद्दों से बीजेपी को बैकफुट पर लाना चाहती है। चार जून की अब पता चलेगा की किसका मुद्दा चलता है और किसका नकारा जाता है।

कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चह्वाण ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग इस बात को लेकर भाजपा से नाराज हैं कि उसने कैसे शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को बांटा और जून 2022 में एमवीए सरकार को सत्ता से बेदखल किया। उन्होंने कहा कि शिवसेना और राकांपा में फूट डालने के बाद कांग्रेस को भी तोड़ने की कोशिशें की गयीं लेकिन यह नाकाम हो गयीं। सातारा लोकसभा सीट के लिए संभावित उम्मीदवार के तौर पर उनका नाम सामने आने की खबरों पर चह्वाण ने कहा कि यह निर्वाचन क्षेत्र राकांपा (शरदचंद्र पवार) के पास है और उसके अध्यक्ष शरद पवार ने विभिन्न समीकरणों पर विचार करने के बाद शशिकांत शिंदे को नामित किया है। पश्चिमी महाराष्ट्र में शिक्षित बेरोजगारों की दर काफी अधिक है। व्यापक पैमाने पर बेरोजगारी के कारण काफी आर्थिक असमानता है। उन्होंने कहा कि एक और महत्वपूर्ण मुद्दा कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) है। गन्ना और सोयाबीन उत्पादक बहुत खराब स्थिति में हैं क्योंकि इन सामान की बाजार दरें बहुत कम हैं। चह्वाण ने आरोप लगाया कि चूंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक साल तक चले आंदोलन के बाद 2021 में तीन विवादित कृषि कानूनों को निरस्त करना पड़ा था इसलिए वह ''किसान विरोधी नीतियां अपना रहे हैं।



## अजित पवार के बयान से महाराष्ट्र में घमासान मुश्किल में घिरे, विपक्ष ने की कार्रवाई की मांग

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार द्रौपदी व फंठ राकेने के अपने हालिया बयान की वजह से मुश्किल में घिर गए हैं। विपक्ष ने अजित पवार के बयान की शिकायत चुनाव आयोग से करते हुए इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया और साथ ही उन पर कार्रवाई की मांग की है। दरअसल अजित पवार ने धमकी भरे अंदाज़ में कहा विकास निधि चाहिए तो ईवीएम पर बटन दबाना होगा? अजित पवार ने कहा कि हम विकास के लिए फंड दे रहे हैं आप ईवीएम पर ज्यादा से ज्यादा बटन दबाइए, नहीं तो फंड देते वक्त हाथ थोड़ा रोकना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री और एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार के इस बयान ने उन्हें विपक्ष के निशाने पर ले लिया है, शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग से अजित के बयान को चुनाव अचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए उन पर करवाई की मांग की है। एनसीपी शरद पवार गुट के प्रवक्ता महेश तपासे ने कहा कि दरअसल अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में पार्टी की



प्रत्याशी हैं. सुनेत्रा का मुकाबला ननंद और तीन बार सांसद रह चुकी सुप्रिया सुले से हो रहा है. देश की जिन सीटो पर कड़ा मुकाबला होगा उनमे से एक सीट है बारामती की सीट। इसी रैली के दौरान अजित पवार के द्रौपदी के उदाहरण वाले बयान पर विवाद खड़ा हो गया। अजित पवार लड़के और लड़कियों के जन्म दर अनुपात का जिक्र कर रहे थे। इस दौरान उन्हें कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो आगे किसी द्रौपदी के बारे में सोचना होगा। हालांकि कुछ ही देर में अजित पवार को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने हाथ जोड़कर माफ़ी भी मांगी, लेकिन विपक्ष ने अजित पवार के इस बयान को महिलाओं का अपमान बताया है।

### रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग से भाजपा से नारायण राणे ठोकेंगे ताल

भाजपा ने महाराष्ट्र के रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र से नारायण राणे को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने गुरुवार को अपने लोकसभा उम्मीदवार की 13वीं सूची जारी की है, जिसमें भाजपा ने मात्र एक उम्मीदवार (नारायण राणे) के नाम की घोषणा की है.नारायण राणे केंद्र की सरकार में मंत्री हैं और उनका राज्यसभा का कार्यकाल इसी महीने समाप्त हुआ है। 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से शिवसेना के उम्मीदवार विनायक राउत चुनाव जीते थे, लेकिन आज वह शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के साथ हैं। विनायक राउत ने पिछले लोकसभा चुनाव में नारायण राणे के बेटे नीलेश नारायण राणे को ही चुनाव में हराया था।

### सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार बारामती में आमने-सामने

पुणे की बारामती लोकसभा सीट को लेकर ननद-भाभी की जंग में शक्ति प्रदर्शन का दिन था। सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार वृहस्पतिवार को अपना नामांकन फाइल किया।. बता दें कि इस सीट पर 7 मई को वोटिंग होनी है लेकिन उससे पहले आज महाविकास अघाड़ी और महायुति अपने-अपने उम्मीदवार के नामांकन के वक्त शक्ति प्रदर्शन करेंगे, नामांकन के मौके पर दोनों ही पार्टियों की ओर से बड़े-बड़े नेता मौजूद रहेंगे। सुनेत्रा पवार, सुबह 10 बजे अपना नामांकन भरा और सुप्रिया सुले सुबह 10.30 बजे नामांकन दाखिल किया। अपना नामांकन दाखिल करने से पहले सुनेत्रा पवार अपने पति और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के साथ श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर में पूरा अर्चना के लिए भी पहुंची।

## बिहार में चिराग व तेजस्वी में वार-पलटवार

चुनावी सभा में तेजस्वी यादव के सामने चिराग पासवान के परिवार को गाली-गलौज का मामले पर सियासत काफी गरमा गई है। एक बातचीत में चिराग पासवान ने अपने मां व बहन को दी गई गाली को अत्यंत दुखद बताया था। इसपर पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें इसकी कोई जानकारी



नहीं है। उन्होंने एक वीडियो डाला है। जो जनता के बीच का है। हम अपना भाषण दे रहे थे। अब जनता में कौन क्या बोलता है मंच पर नहीं सुनाई देता। तेजस्वी यादव ने स्पष्ट कहा कि हम अपना भाषण दे रहे थे। ऐसे में कौन वीडियो बनाया और कौन गालियां दे रहा था? मुझे सुनाई नहीं दिया। लोग तो ऐसे ही बात करते रहते हैं। कोई वीडियो बनाकर डाल दिया। सब लोग ऐसी बात समझते हैं। हमलोगों को कई लोग ऐसी गालियां देते होंगे। इस बात को तूल नहीं दिया जाए। राहुल गांधी की यात्रा पर उन्होंने कहा कि चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं। वह पूरे देशभर में चुनावी सभा कर रहे हैं। हमलोगों ने पहले चरण के चारों सीट पर 40 से अधिक चुनावी सभाएं की। हमलोग चारों सीट पर भारी बहुमत से जीतने जा रहे हैं। वहीं तेजस्वी यादव ने अनंतनाग में बिहार के प्रवासी मज़दूर की गोली मारकर हत्या की घटना पर उन्होंने कहा, दुखद घटना है, प्रशासन को देखना है कि ऐसी घटना क्यों हो रही हैं।

## भाजपा के काम नहीं आ रहा राम मंदिर मुद्दा : पृथ्वीराज

पश्चिमी महाराष्ट्र के सातारा में अपने गृह जिला कराड में चह्वाण ने इस धारणा को दूर करने की कोशिश की कि कांग्रेस को राज्य में महा विकास आघाडी (एमवीए) सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे में ''उचित हिस्सा'' नहीं मिला, लेकिन उन्होंने यह स्वीकार किया कि तीन दल शामिल होने के कारण बातचीत मुश्किल थी। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चह्वाण ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों के अलग रहने के कारण विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') उतना शक्तिशाली बनकर नहीं उभरा, जितना कि सोचा गया था लेकिन यह लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कड़ी चुनौती दे रहा है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राम मंदिर चुनावों में भाजपा के लिए एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पाया है जिसके कारण वह लड़खड़ा रही है। चह्वाण ने इस धारणा को दूर करने की कोशिश की कि कांग्रेस को राज्य में महा विकास आघाडी (एमवीए) सहयोगियों के



साथ सीट बंटवारे में ''उचित हिस्सा नहीं मिला, लेकिन उन्होंने यह स्वीकार किया कि तीन दल शामिल होने के कारण बातचीत मुश्किल थी। कांग्रेस की प्रदेश चुनाव प्रचार समिति के प्रमुख चह्वाणने कहा कि विपक्षी दल यह सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हैं कि भाजपा विरोधी वोट विभाजित न हो। हम काफी हद तक (भाजपा विरोधी दलों को एक साथ लाने में) सफल रहे हैं, हालांकि 'इंडिया गठबंधन उतना शक्तिशाली नहीं है जितना कि शुरुआत में सोचा गया था क्योंकि कुछ अहम दल हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन भाजपा को चुनौती देने में काफी हद तक सफल रहा है जो अपने गठबंधन के साझेदारों के साथ मिलकर 543 सदस्यीय लोकसभा में 400 से अधिक सीटें पाने की उम्मीद कर रही है। चह्वाण ने उम्मीद जतायी कि चार जून को जब लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे तो सभी हैरान रह जाएंगे, खासतौर से महाराष्ट्र में आश्चर्यजनक परिणाम आएंगे जहां उत्तर प्रदेश (80) के बाद लोकसभा की सबसे अधिक 48 सीटें हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''एमवीए महाराष्ट्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेगा और सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन से कहीं अधिक सीट जीतेगा. नतीजे सभी को हैरान करेंगे। चह्वाण ने कहा कि वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन जैसी छोटी पार्टी केवल भाजपा विरोधी मत विभाजित करेंगी. उन्होंने दावा किया कि राम मंदिर का मुद्दा भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से काम नहीं आ रहा है इसलिए वह चिंतित है। मतदाताओं की समस्याओं के बारे में चह्वाण ने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम नागरिक त्रस्त हैं।

## बीजेपी शासित राज्य में लड़ने से डर रहे हैं राहुल : गुलाम नबी



राहुल पहले ही केरल की वन सीट से उम्मीदवार बन चुके हैं। लेकिन अभी भी कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या अमेठी केंद्र में रहेगी या नहीं। एक बार सुनिश्चित सीट अब असुरक्षित है। एक समय का किला अब असुरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी में स्मृति ईरानी से 55,000 वोटों से हार गए। राजनीति में अतीत नाम की कोई चीज नहीं होती। सब कुछ चालू है। इसका प्रमुख उदाहरण गुलाम नबी आज़ाद हैं। उन्होंने कांग्रेस से आधी सदी का रिश्ता तोड़ लिया है। उन्होंने उस पार्टी के नेता पर तंज कसा। मोदी के दोस्त आज़ाद ने टिप्पणी की कि राहुल गांधी भाजपा शासित राज्यों में लड़ने से डरते हैं। कांग्रेस नेता के अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला को भी दूध का बच्चा कहकर चिढ़ाया गया। जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ नेता के मुताबिक राहुल अल्पसंख्यक आबादी वाले इलाकों में चुनाव लड़ना चाहते हैं। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी के नेता ने कहा कि राहुल गांधी बीजेपी शासित राज्यों में वोट के लिए लड़ने से क्यों झिझक रहे हैं? वह बीजेपी से लड़ने की बात करते हैं, भले ही वह क्षेत्र में अन्य काम कर रहे हों। बीजेपी शासित राज्यों से बाहर निकलकर अल्पसंख्यक आबादी वाले इलाकों में शरण क्यों लें?



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# बर्फबारी में देरी की वजह से भी जलवायु पर खतरा!

> धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर में क्या देर से हुई बर्फबारी महज एक असामान्य घटना है या फिर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत? बीते कुछ सालों में कश्मीर लगातार असामान्य और चरम मौसम की चपेट में है। अभी 21 फरवरी को गुलमर्ग में बर्फीले तूफान का आना भी चौंकाने वाला है। जान लें देर से हुई बर्फबारी से राहत तो है लेकिन इससे उपजे खतरे भी हैं।

*मैदानों, समुद्री इलाकों के साथ-साथ अब पहाड़ी क्षेत्रों पर भी जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग का असर हो रहा है। जिसकी वजह से साल के शुरुआती महीना कश्मीर के लिए अभी तक का सबसे गर्म रहा। वहीं फरवरी जाते-जाते इस राज्य को बर्फ की घनी चादर में लपेट चुकी है। फरवरी की रात गुलमर्ग में शून्य से 10.4 और पहलगाम में 8.6 डिग्री नीचे तापमान वाली रही। धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर में क्या देर से हुई बर्फबारी महज एक असामान्य घटना है या फिर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत? बीते कुछ सालों में कश्मीर लगातार असामान्य और चरम मौसम की चपेट में है। अभी 21 फरवरी को गुलमर्ग में बर्फीले तूफान का आना भी चौंकाने वाला है। जान लें देर से हुई बर्फबारी से राहत तो है लेकिन इससे उपजे खतरे भी हैं। कश्मीर घाटी को सुंदर, हराभरा, जलनिधियों से परिपूर्ण और वहां के बाशिंदों के लिए जीविकोपार्जन का मूल आधार है- जाड़े का मौसम।*

*यहां जाड़े के कुल 70 दिन गिने जाते हैं। 21 दिसंबर से 31 जनवरी तक 'चिल्ला-ए-कलां' यानी शून्य से कई डिग्री नीचे वाली ठंड। इस बार यह 45 दिनों का समय बिल्कुल शून्य बर्फबारी का रहा। उसके बाद बीस दिन का 'चिल्ला-ए-खुर्द' अर्थात छोटा जाड़ा, यह होता है 31 जनवरी से 20 फरवरी। इस दौर में बर्फ शुरू हुई लेकिन उतनी नहीं जितनी अपेक्षित है। उसके बाद 20 फरवरी से 2 मार्च तक बच्चा जाड़ा यानी 'चिल्ला-ए-बच्चा'। इस बार बर्फबारी इस समय में हो रही है। सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी-सी बर्फ पहाड़ों पर आई है, वह जल्दी ही पिघल जाएगी। अर्थात आने वाले दिनों में एक तो ग्लेशियर पर निर्भर नदियों में अचानक बाढ़ आ सकती है और फिर अप्रैल में गर्मी आते-आते वहां पानी का संकट हो सकता है।भारत में हिमालयी क्षेत्र का फैलाव 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों (अर्थात् जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल) में हैं, जो लगभग 2500 किलोमीटर है। भारत के मुकुट कहे जाने वाले हिमाच्छादित पर्वतमाला की गोदी में कोई पांच करोड़ लोग सदियों से रह रहे हैं। चूंकि यह क्षेत्र अधिकांश भारत के लिए पानी उपलब्ध करवाने वाली नदियों का उद्गम स्थल हैं, साथ ही यहां के ग्लेशियर धरती के गर्म होने को नियंत्रित करते हैं, सो जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से यह सबसे अधिक संवेदनशील हैं।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# बेरुखी छोड़कर किसानों की सुनवाई करे हुकूमत

देविंदर शर्मा

पंजाब और हरियाणा में, जो किसानों के विरोध का केंद्र है, आंदोलित किसान गांवों में सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक रहे हैं, जिससे भाजपा उम्मीदवारों को वोट मांगने में मुश्किल पैदा हो रही है। वे अक्सर कहते हैं- 'अगर आपने नई दिल्ली जाने का हमारा रास्ता रोका, तो हम अपने गांवों में आपकी एंट्री रोक देंगे।' इतना ही नहीं, हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन सरकार बनाने वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला ने किसानों से गुजारिश की कि उन्हें उनके बेटे के गांवों में प्रवेश को नहीं रोकना चाहिए।

वहीं उन्होंने किसानों से कहा, 'भाजपा राज्य और केंद्र दोनों में सत्ता पर काबिज है। इसके अलावा, दुष्यंत ने लगातार कृषक समुदाय की वकालत की है, यहां तक कि हिसार से सांसद के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी।' साथ ही नैना चौटाला ने मसले को हल करने के लिए बातचीत में शामिल होने के लिए उनका स्वागत किया। हिसार के नारा, गामरा, खानपुर और सिंधर गांवों में प्रचार करने पहुंचे दुष्यंत चौटाला को किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भाजपा के हिसार से उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला को किसानों के एक समूह से भिड़ने के बाद एक गांव में एक सभा बीच में ही छोड़नी पड़ी और चुनाव संबंधी एक अन्य कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ा। सिरसा से चुनाव लड़ रहे अशोक तंवर को भी अपने प्रचार के दौरान किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा है। बीजेपी सांसद और रोहतक से उम्मीदवार अरविंद शर्मा को कोसली विधानसभा क्षेत्र के एक गांव से कार्यक्रम छोड़कर जाना पड़ा क्योंकि स्थानीय लोगों ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। उनके दौरों के कई वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से ग्रामीणों ने नेताओं के साथ धक्का-मुक्की और कटाक्ष किये, जिसके बाद तीखी नोकझोंक हुई और कई स्थानों पर उम्मीदवारों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मिसाल के तौर पर, सोनीपत से उम्मीदवार मोहन लाल बडोली को जींद जिले में कुछ स्थानों पर इसी तरह का विरोध झेलना पड़ा।

वहीं वीडियो क्लिप से पता चलता है कि कैसे गुस्साए किसानों की रणजीत चौटाला के साथ तीखी बहस हुई। कई नेताओं ने तो ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के विरोध प्रदर्शन पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और कुछ हद तक राजस्थान में हो रहे हैं। कई गांवों में तो भाजपा प्रत्याशियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बोर्ड लग गए हैं। जहां भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों के आयोजन के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यानी आप को जिम्मेदार ठहरा रही है, वहीं आप उम्मीदवारों को भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फसल में हुए नुकसान का मुआवजा न मिलने पर किसान आम आदमी पार्टी के बठिंडा



उन गांवों को नजरअंदाज कर दिया जहां उन्हें विरोध होने का डर है। पड़ोसी पंजाब में, भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस को बठिंडा के पास रामपुरा फूल में किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जहां पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए बैरियर लगाए थे, वहीं पुलिस के साथ झड़प हो गई। इसी तरह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह की पत्नी प्रणीत कौर को भी किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिका में पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू, जो अब अमृतसर सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, को भी अपने चुनाव अभियान के दौरान नारेबाजी करने वाले किसानों का सामना करना पड़ा। वास्तव में, समाचार रिपोर्टों में कहा गया है कि किसानों ने करीब 60 गांवों में भाजपा उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक दिया है। किसान नेताओं का कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से उन वायदों के बारे में सवाल करने को कहा है जो अधूरे रह गए। उनका दावा है कि इस तरह के शहरी विधायक के आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। जबकि भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों को कमतर आंक रही है, लेकिन उसे चिंता हो रही है कि यहां बन रही खिलाफत की गति यदि इन विरोध प्रदर्शनों को अन्य राज्यों तक फैलाती है, तो क्या यह सत्तारूढ़ पार्टी की जीत की संभावनाओं को रोकने में मददगार बनेगी।

किसी भी हालत में, भारती किसान यूनियन (बीकेयू) के विभिन्न गुटों ने, जिन्होंने 2020-21 में नई दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था, जिसके परिणामस्वरूप तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लिया गया था, उन्होंने किसानों से उम्मीदवारों का विरोध करने की अपील की है। वे उनके द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों के जवाब मांग रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब के किसानों से भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के समक्ष सवाल उठाने की अपील की है।

# उलझे समीकरणों के बीच संभव नहीं कामयाबी दोहराना

डॉ. यश गोयल



**इस बार 25 लोकसभा सीटों में से बारह पर आमने-सामने का चुनावी मुकाबला कांटे का होता नजर जा रहा है। राज्य की 12 सीटों पर पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को और 13 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। भाजपा के स्टार प्रचारक अपना मुख्य लक्ष्य राज्य के चार केंद्रीय मंत्रियों भूपेन्द्र यादव, अलवर, बाड़मेर में कैलाश चौधरी, जोधपुर में गजेंद्र सिंह शेखावत, बीकानेर में अर्जुन राम मेघवाल और कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्रों में स्पीकर ओम बिरला पर केंद्रित कर रहे हैं।**

राजस्थान में आसन्न लोकसभा चुनावों में भले राजनीतिक दल अपने-अपने दावे कर रहे हों, लेकिन स्थितियां पिछले आम चुनाव जैसी नहीं हैं। वह बात अलग है कि 2014 और 2019 में सभी 25 सीटों पर भाजपा ने कामयाबी हासिल की थी। एक तरफ भाजपा राज्य में हैट्रिक बनाने की पूरी कोशिश कर रही है लेकिन चुनावी मैदान में उसकी राह पहले जितनी आसान भी नहीं है। इस बार 25 लोकसभा सीटों में से बारह पर आमने-सामने का चुनावी मुकाबला कांटे का होता नजर जा रहा है। राज्य की 12 सीटों पर पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को और 13 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है।

भाजपा के स्टार प्रचारक अपना मुख्य लक्ष्य राज्य के चार केंद्रीय मंत्रियों भूपेन्द्र यादव, अलवर, बाड़मेर में कैलाश चौधरी, जोधपुर में गजेंद्र सिंह शेखावत, बीकानेर में अर्जुन राम मेघवाल और कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्रों में स्पीकर ओम बिरला पर केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा 25 में से 12 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। ये सीटें हैं बांसवाड़ा, झुंझुनू, टोंक-सवाईमाधोपुर, बाड़मेर, नागौर, कोटा-बूंदी, जालौर, सीकर, दौसा, चूरू, अलवर और जयपुर। बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस असमंजस में है क्योंकि उसके उम्मीदवार अरविंद डामोर ने इंडिया ब्लॉक के भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) के उम्मीदवार व राजस्थान में मौजूदा विधायक राजकुमार रोत के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। कांग्रेस और बीएपी दोनों पूरी तरह असमंजस में हैं कि क्या इंडिया गठबंधन के मानदंडों का पालन किया जाए या स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा जाए। भाजपा बाड़मेर, झुंझुनू, चूरू, नागौर और कोटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मुश्किल स्थिति में है, जहां पार्टी को अपने पार्टी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के लिए, कोटा-बूंदी सीट पर हैट्रिक लगाना आसान नहीं होगा। हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रहलाद गुंजल के पास बहुमत के साथ गुर्जर, मीना और अल्पसंख्यक वोट हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के अंदरूनी समर्थन द्वारा बिरला की बेचैनी बढ़ा दी है। इसी तरह चूरू में भी भाजपा की चुनावी लड़ाई कठिन राह पर है क्योंकि भाजपा के सांसद राहुल कांसवा, जिन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिला, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। वे पैरा-ओलंपियन देवेंद्र झाझरिया को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा के पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, जो चूरू जिले से थे, पिछले साल विधानसभा चुनाव हार गए, उन्हें इस सीट के लिए उम्मीदवार नहीं माना गया था। उनकी इस सीट पर बड़ी निर्णायक भूमिका होगी। नागौर लोकसभा सीट एक अन्य प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र है, जहां भाजपा के पूर्व गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल, जो अब इंडिया ब्लॉक पार्टनर बन गए हैं, भाजपा की ज्योति मिर्धा, जो कांग्रेस से भाजपा में आई हैं, के लिए कड़ा चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस से टिकट की उम्मीद कर रहे निर्दलीय उम्मीदवार रवींद्र सिंह भाटी ने केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी (भाजपा) और कांग्रेस के उमेदाराम बेनीवाल के साथ बाड़मेर लोकसभा सीट को त्रिकोणीय बना दिया है। भाजपा के प्रमुख संत सुमेधानंद सरस्वती सीकर निर्वाचन क्षेत्र में सीपीआई-एम के इंडिया ब्लॉक पार्टनर अमराराम, जो कांग्रेस के खुले समर्थन वाले किसान नेता हैं और आसपास के जिलों श्रीगंगानगर और हनुमागढ़ के साथियों के खिलाफ कड़ा चुनावी अभियान चला रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत के लिए पिछले एक महीने से राजस्थान के पश्चिमी जिलों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं, जो जालोर सीट पर भाजपा के नए आरएसएस प्रमुख लुंबा राम चौधरी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वैभव जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत, जो अब केंद्रीय मंत्री हैं, से 4 लाख वोटों के भारी अंतर से हार गए थे।

भाजपा की जयपुर-शहर सीट भाजपा के पूर्व मंत्री भंवर लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा के लिए आसान नहीं है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री और कद्दावर युवा नेता प्रताप सिंह खाचरियावास रोजाना सड़कों और शहर में घूम-घूमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मौजूदा सांसद बालक नाथ की जगह लेने वाले केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के मौजूदा विधायक ललित यादव के साथ आमने-सामने की लड़ाई में हैं, जो अलवर जिले के मत्स्य क्षेत्र से हैं और उन्हें यादव समुदाय का खुला समर्थन प्राप्त है। चुनावी पेचीदगियों के चलते भाजपा उम्मीदवार या तो मोदी के चेहरे या कमल के निशान पर अपनी सीटें जीतने की उम्मीद कर रहे हैं।

# शरीर का वजन घटाने के लिए खाएं तरबूज



## पानी की ज्यादा मात्रा

तरबूज में पानी की भारी मात्रा (लगभग 92 प्रतिशत पानी) पाई जाती है, जो आपको लंबे समय तक हाइड्रेटेड रखने के साथ ही आपका पेट भी भरा रखता है। इससे आप ज्यादा खाने से बचे रहते हैं।

लगातार डेस्क जॉब करने की वजह से इन दिनों लोग तेजी से बढ़ते वजन का शिकार होते जा रहे हैं। मोटापा दुनियाभर में एक गंभीर समस्या बन चुका है। खुद को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन इसे लेकर कई बार चिंता जाहिर कर चुका है। ऐसे में जरूरी है कि मोटापे से खुद को बचाने के लिए अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल किया जाए। अपने बढ़ते वजन को नियंत्रित करने के लिए लोग कई उपाय अपनाते हैं। हेल्दी डाइट से लेकर वर्कआउट तक, लोग कई तरीकों से वजन घटाने की कोशिश करते हैं। अगर आप भी वेट लॉस करना चाहते हैं, तो तरबूज इसमें आपके लिए मददगार साबित होगा।



## लो फैट और फाइबर से भरपूर

तरबूज में स्वाभाविक रूप से फैट की मात्रा कम पाई जाती है, जो इसे वजन घटाने के लिए एक अच्छा विकल्प साबित होता है। ऐसे में वेट लॉस की कोशिश कर रहे लोगों के लिए यह एक पौष्टिक और पेट भरने वाला नाश्ता साबित होता है। डाइटरी फाइबर से तरबूज लंबे समय तक आपके पेट को भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे आप ओवरइटिंग से बच रहते हैं। साथ ही यह पाचन को सुविधाजनक बनाने और मल त्याग को रेगुलेट करके वजन घटाने में मदद करता है।



## लो कैलोरी कंटेंट

तरबूज अपनी लो कैलोरी कंटेंट की वजह से वजन घटाने के लिए एक बढ़िया विकल्प है। यह शरीर में कैलोरी बढ़ाए बिना आपको बेझिझक इसे खाने की अनुमति देता, जिससे आप ज्यादा मात्रा में इसके स्वाद का आनंद उठा सकते हैं।

## लाइकोपीन का बढ़िया सोर्स

लाइकोपीन एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो शरीर में फैट के निर्माण को कम करने से मदद करता है और इ तरह वजन घटाने में मदद कर सकता है। तरबूज इस एंटीऑक्सीडेंट का एक अच्छा स्रोत होता है।

## विटामिन और मिनरल से भरपूर

पोटेशियम और विटामिन ए और सी, जो सामान्य स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और मांसपेशियों की कार्यप्रणाली और मेटॉबॉलिज्म को बढ़ाकर वजन घटाने में सहायता कर सकते हैं, तरबूज में प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

## नेचुरल शुगर सोर्स

तरबूज वेट मैनेजमेंट के लिए एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इसमें नेचुरल शुगर, ज्यादातर फरुक्टोज शामिल है, जो आपके ब्लड शुगर के स्तर को तेजी से बढ़ाए बिना आपको ऊर्जा प्रदान करता है।

## हंसना मना है

पिंकू डॉक्टर के पास गया.. पिंकू: डॉक्टर साहब एक समस्या है। डॉक्टर- क्या परेशानी है? पिंकू: जब मैं किसी से बात करता हूं तो वो इंसान मुझे दिखता नहीं। डॉक्टर- ऐसा कब होता है? पिंकू: फोन पर बात करते वक्त। डॉक्टर: भाग जा यहां से, वरना तू इस धरती पर नहीं दिखेगा।

पिता: पढ़ ले नालायक, कभी तूने अपनी कोई बुक खोलकर भी देखी है। बेटा- हां पापा देखी है, बल्कि रोज देखता हूं उसे। पिता- कौन सी बुक पढ़ने लगा है तू? बेटा- फेसबुक। फिर दे चप्पल दे चप्पल।

पति- सेल्फ कंट्रोल करना तो कोई तुमसे सीखे। पत्नी (खुश होकर)- वह तो है लेकिन किस बात पर? पति- शरीर में इतनी शुगर है लेकिन मजाल है, कभी जुबान पर आने दो, पति की बात सुनकर पत्नी ने अगले चार दिन तक घर में स्ट्राइक कर दी।

सुरेश की बीवी को डिलीवरी के लिए हॉस्पिटल ले गए...सुरेश ने नर्स से बोला- बच्चा होने के बाद लड़का हो तो टमाटर बोलना और लड़की हो तो कहना प्याज हुई है... सुरेश की बीवी को जुड़वा बच्चे हुए, एक लड़का एक लड़की ...नर्स कन्फ्यूजन में बाहर आकर बोली बधाई हो सलाद हुआ है..

## कहानी | लालची कुत्ता

एक गांव में एक लालची कुत्ता रहता था। वह गांव में घूम-घूमकर खाने की तलाश करता था। वह इतना लालची था कि उसे जितना भी खाने के लिए मिलता था, उसे कम ही लगता था। गांव के दूसरे कुत्तों के साथ पहले उसकी अच्छी दोस्ती थी, लेकिन उसकी इस आदत की वजह से सभी उससे दूर रहने लगे, लेकिन उसे कोई फर्क नहीं पड़ा, उसे सिर्फ अपने भोजन से मतलब था। कोई न कोई आते जाते उसे खाने के लिए कुछ न कुछ दे ही देता था। उसे जो खाने को मिलता उसे वो अकेले ही चट कर जाता। एक दिन उसे कहीं से एक हड्डी मिल गई। हड्डी को देखकर उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। उसने सोचा कि इसका आनंद तो अकेले ही लेना चाहिए। यह सोचकर वो गांव से जंगल की ओर जाने लगा। रास्ते में वह पुल के ऊपर से नदी पार कर रहा था, तभी उसकी नजर नीचे नदी के ठहरे हुए पानी पर पड़ी। उस समय उसकी आंखों में सिर्फ हड्डी का लालच था। उसे यह भी पता नहीं चला कि नदी के पानी में उसका ही चेहरा नजर आ रहा है। उसे लगा की नीचे भी कोई कुत्ता है, जिसके पास एक और हड्डी है। उसने सोचा कि क्यों न उसकी भी हड्डी छीन लूं, तो मेरे पास दो हड्डियां हो जाएंगी। फिर मैं एक साथ दो हड्डियों के मजे से खा सकूंगा। ऐसा सोचकर वह जैसे ही पानी में कूदा, उसके मुंह से हड्डी सीधे नदी में जा गिरी। मुंह से छुटकर हड्डी के पानी में गिरते ही कुत्ते को होश आया और उसे अपने किए पर पछतावा हुआ।

**कहानी से सीख**- इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें कभी भी लालच नहीं करना चाहिए। लालच करने से हमारा ही नुकसान होता है।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**
नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी। पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है।

**तुला**
जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे। विवादों से दूर रहना चाहिए।

**वृषभ**
शत्रु सक्रिय रहेंगे। कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी रखें, जोखिम न लें। किसी शुभचिंतक से मेल-मुलाकात का हर्ष होगा।

**वृश्चिक**
बेरोजगारी दूर होगी। विवाद न करें। संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है। आय बढ़ेगी। मन में उत्साहपूर्ण विचारों के कारण समय सुखद व्यतीत होगा।

**मिथुन**
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी।

**धनु**
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा। पारिवारिक जीवन सुखद नहीं रहेगा।

**कर्क**
कार्यस्थल पर परिवर्तन लाभ में वृद्धि करेगा। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। कष्ट होगा। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी। कार्य में नवीनता के भी योग हैं।

**मकर**
बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। भागदौड़ रहेगी। आय में कमी होगी। किसी कार्य में प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से जुड़ने की प्रवृत्ति आपके लिए शुभ रहेगी।

**सिंह**
कानूनी अड़चन दूर होगी। अध्यात्म में रुचि रहेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा।

**कुम्भ**
मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। दूर रहने वाले व्यक्तियों से संपर्क के कारण लाभ हो सकता है।

**कन्या**
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। प्रयास अधिक करने पर भी उचित सफलता मिलने में संदेह है।

**मीन**
मेहमानों का आवागमन होगा। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। व्यर्थ समय नष्ट न करें।


बॉलीवुड | मन की बात

# मैं बचपन में क्रिमिनल लायर बनना चाहती थी: करीना कपूर



बॉलीवुड स्टार्स किड्स अपने पेरेंट्स के नक्शेकदम पर चलते हैं। बहुत कम ही ऐसे होते हैं, अलग फील्ड में काम करते हैं। हालांकि काफी स्ट्रॉन्ग फिल्मी बैकग्राउंड होने के बावजूद करीना कपूर ने भी कुछ ऐसा ही करने का सोचा था। लेकिन जल्द ही उनका खुमार उतर गया। करीना कपूर खान सफल एक्ट्रेस में से एक हैं। हालांकि फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री करने से पहले उनके कुछ और ही सपने थे। कम लोग ही ये बात जानते हैं कि करीना कपूर खान कभी एक क्रिमिनल लॉयर बनने का सपना देख रही थीं। करीना ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हालांकि वह फिल्म सेट पर बड़ी हुई है और ये चमक दमक उन्हें पसंद थी। लेकिन जब वह अपने सपने को पूरा करने के लिए वह लॉ स्कूल गई तब उन्हें लगा कि यह उनके लिए नहीं है। एक पुराने इंटरव्यू में करीना कपूर इस बात का खुलासा करते हुए कहा था कि, मैंने सरकारी लॉ कॉलेज में एडमिशन लिया था। मैं 5 दिन गई भी थी। मेरे परिवार के ज्यादातर लोगों ने मेरा मजाक बनाया था। उन्होंने कहा कि कपूर परिवार के पास दिमाग नहीं होता है। बाद में, जब मैंने किताबों का साइज देखा, तो मैंने सोचा, यह मेरे लिए नहीं है, पता नहीं मैं क्या सोचके वह सब कर रही थी। बता दें कि करीना कपूर खान ने साल 2000 में अभिषेक बच्चन के साथ 'रिफ्यूजी' से फिल्म दुनिया में कदम रखा था। वह 20 सालों से ज्यादा समय से इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। इस दौरान उन्होंने तमाम हिट फिल्में दी हैं। करीना आज बीटाउन की टॉप एक्ट्रेस हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की फिल्म क्रू ने बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई की है।

# शाहरुख संग रोमांटिक फिल्म करना चाहती हैं विद्या बालन



विद्या बालन अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। बोल्ड और बेबाक अंदाज के लिए प्रसिद्ध विद्या बालन की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। उनकी फिल्म दो और दो प्यार जल्द ही रिलीज होने वाली है। यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसका निर्देशन शीर्ष गुहाल ठाकुरता ने किया है। इस फिल्म को लेकर विद्या लागातार इंटरव्यू दे रही हैं। इसी दौरान विद्या ने अपनी एक दिली इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि वह बॉलीवुड के इस खास हीरो के साथ रोमांस करना चाहती हैं। विद्या बालन ने अपने करियर में कई तरह की फिल्में की हैं। हमेशा से ही उनका यही मकसद रहा है कि वह अपनी फिल्मों के जरिए फैंस को ज्यादा से ज्यादा एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और एंटरटेनमेंट दे सकें। हो सकता है कि यही वजह है कि विद्या अब शाहरुख के साथ एक रोमांटिक फिल्म करना चाहती हैं, ताकि वह अपने फैंस को और भी एंटरटेन कर सकें। साल 2007 में आई विद्या की फिल्म हे बेबी में शाहरुख खान ने कैमियो किया था। शाहरुख इस फिल्म के गाने मस्त कलंदर में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और फरदीन खान नजर आए थे। हालांकि यह बात और कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। लेकिन अब जबकि विद्या ने शाहरुख के साथ रोमांटिक फिल्म करने की इच्छा को जाहिर कर दिया है, ऐसे में देखना यह है कि इस पर शाहरुख का कोई रिएक्शन आता भी है या नहीं।

विद्या बालन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म दो और दो प्यार को लेकर काफी व्यस्त चल रही हैं। इसी फिल्म के लिए दिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान जब विद्या से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किस अभिनेता के साथ काम करना चाहती हैं तो उन्होंने कहा, मेरा किरदार शाहरुख खान के साथ फिल्म ओम शांति ओम में बहुत ही कम समय के लिए था, लेकिन मैं शाहरुख के साथ एक अच्छी लव स्टोरी में काम करना चाहती हूं। हाल ही में एक और इंटरव्यू में विद्या ने कहा था कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। इसपर विद्या ने कहा, बतौर अभिनेत्री में मुझे कभी कॉमेडी फिल्म करने का मौका नहीं मिला, लेकिन मैं करना चाहती हूं। मुझे लगता है कि हंसना और हंसाना है, थोड़े दिनों के लिए, थोड़े टाइम के लिए, थोड़े सालों के लिए।

# जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ का टीजर रिलीज




जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म उलझ में नजर आएंगी। आज यानी की बुधवार को उलझ का टीजर रिलीज किया जा चुका है। टीजर देखकर साफ पता चल रहा है कि यह फिल्म सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर होगी। जान्हवी कपूर एक यंग डिप्लोमैट के रोल में दिखाई दे रही हैं। निर्देशक सुधांशु सरिया की फिल्म उलझ का टीजर कुछ ही घंटों पहले सोशल मीडिया पर जारी किया गया है, जिसके बाद से इस फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। टीजर देखने के बाद फैंस लगातार जान्हवी को फिल्म के लिए बधाई दे रहे हैं। जान्हवी ने बीते साल उलझ की शूटिंग शुरू की थी, जिसका अपडेट उन्होंने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया था।

जान्हवी कपूर ने उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी पूरी तरह से देशभक्ति पर आधारित है। इस फिल्म की कहानी एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जान्हवी कपूर) के इर्द- गिर्द घूमती नजर आएगी। फिल्म में जान्हवी सुहाना देश और उनके खिलाफ हो रही साजिश के बीच झूलती नजर आएंगी।

सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है फिल्म उलझ का टीजर सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर दिखाई दिया। टीजर की शुरुआत सारे जहान से अच्छा की धुन से होती है। इसके बाद स्क्रीन में जान्हवी के किरदार की एंट्री होती है, जिसकी पोस्टिंग विदेश में है। वहीं, ब्रैकग्राउंड में एक शख्स की आवाजा सुनाई देती है, जो अपने देश के साथ गद्दारी करने के लिए उसे मैन्युप्लैट करने की कोशिश करता है। टीजर के आखिर में जान्हवी एक्शन करती नजर आती है।


फिल्म के कलाकार :उलझ में जान्हवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। अमृता पांडे और विनीत जैन फिल्म के निर्माता है। यह फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उलझ के अलावा जान्हवी मिस्टर एंड मिसेज माही की फिल्म में नजर आएंगी।

अजब-गजब | राजकुमारी शनयिन ने की थी अजीबो-गरीब करतूत

# मात्र 19 साल की उम्र में भाई से कहकर इस राजकुमारी ने की थीं 37शादियां

हजारों साल पहले राजा-महाराजा कई-कई महिलाओं से शादी किया करते थे। राज्य को बढ़ाने के लिए तो कभी दूसरे राज्यों से बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए। लेकिन इतिहास में ऐसे बहुत कम मामले ही देखने और सुनने को मिलते हैं, जब किसी राजकुमारी ने 1 से ज्यादा शादियां की हों। लेकिन आज हम आपको एक ऐसी ही राजकुमारी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने अपने राजा भाई से कहकर 30 पुरुषों से शादी की, वो भी मात्र 19 साल की उम्र में। सोशल मीडिया पर इसी से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये राजकुमारी कौन है? कहां की रहने वाली है? ऐसे में बता दें कि राजकुमारी का नाम शनयिन था। इन्हें राजकुमारी कुआइजी के नाम से भी जाना जाता है। ये लियू सॉन्ग राजवंश की राजकुमारी और सम्राट जियाओवू की बेटी थीं। अपने पिता के शासनकाल के दौरान, लियू को राजकुमारी शनयिन के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्होंने आधिकारिक हे यान के बेटे हे जी से शादी की थी। हे जी बाद में दक्षिणी क्यू राजवंश के शासक बने। खैर बात राजकुमारी शनयिन की करते हैं। जब इनके पिता की सन् 464 में मौत हो गई तो शनयिन के छोटे भाई 15 साल के लियू



जिये राजा बना दिया गया। लियू को सम्राट कियानफेई के नाम से भी जाना जाता है। इस दौरान लियू के महल में 10 हजार से ज्यादा महिलाएं थीं, जिनसे लियू के संबंध जोड़े जाते हैं। चूंकि शनयिन का अपने भाई से काफी घनिष्ठ संबंध थे। ऐसे में एक शनयिन ने कहा कि हम दोनों शारीरिक रुप से अलग हैं, लेकिन एक ही माता-पिता की संतान हैं। आपके महल में 10 हजार महिलाएं हैं, लेकिन मेरा सिर्फ1 पति है। यह सही नहीं है। राजकुमारी की शिकायतों के जवाब में सम्राट कियानफेई ने राजकुमारी को अपने लिए 30 युवकों को मियांशू (प्रेमी) के रूप में चुनने की अनुमति दी। इतना ही नहीं, सम्राट ने उन्हें राजकुमारी कुआइजी के पद पर भी पदोन्नत किया, लेकिन इसके बावजूद राजकुमारी अपने भाई की रियायत से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थीं। ऐसे में एक दिन प्रिंसेस शिनयिन ने दरबार में एक अधिकारी चू युआन को देखा, जो युवा और सुंदर था। राजकुमारी ने सम्राट कियानफेई से उसे एक प्रेमी के रूप में देने के लिए कहा। सम्राट सहमत हो गया और चू को राजकुमारी की सेवा करने का आदेश दिया गया। लेकिन 10 दिन के प्रयास के बावजूद चू युआन ने उसके साथ रहने से इनकार कर दिया।

शिनयिन के भाई सम्राट कियानफेई व्यभिचार में लिप्त थे। ऐसे में एक दिन सहायक शॉ जिझी ने सम्राट की हत्या कर दी। ये बात सन् 465 की है। मात्र 1 साल ही वो सत्ता में रहे। इसके बाद शिनयिन के लिए भी मुश्किलें बढ़ गई। हत्या के बाद शिनयिन के चाचा लियू यू सम्राट मिंग बन गए। सिंहासन पर बैठने से पहले ही, उन्होंने अपनी दादी महारानी डोवेगर लू के नाम से एक आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत राजकुमारी कुआइजी के अनैतिकता और व्यभिचार की निंदा की गई। साथ ही उनके एक अन्य भाई लियू जिशांग को उनकी हिंसा के लिए निंदा की गई और उन दोनों को आत्महत्या करने का आदेश दिया गया। इस तरह से राजकुमारी की मौत हुई।

# शरबत है फारसी शब्द, इसका प्राचीन हिन्दी नाम है 'मधुपराका'



गर्मी के दिन शुरू होते ही हर घर में लोगों का स्वागत 'ठंडे शरबत' से किया जाता है। भले ही इसकी जगह कोल्ड ड्रिंक्स ने ले ली हो, लेकिन अभी भी ग्रामीण इलाकों में इसे परोसा जाता है, लोग काफी पसंद करते हैं। ये शरबत प्यास तो बुझाते ही हैं, इसके हेल्थ बेनिफिट्स भी बहुत हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि 'शरबत' किस भाषा का शब्द है? आखिर ये आया कहां से? हिन्दी में इसे क्या कहते हैं? ये कला भारत में कैसे पहुंची? आइए जानते हैं इन सभी सवालों के जवाब। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, शरबत फारसी भाषा का शब्द है। यह तुर्की के शेर्बत से आया है। इसका सही मतलब है पीने लायक चीज। कुछ लोग इसे अरबी भाषा के शब्द शरिबा से निकला हुआ शब्द मानते हैं, जिसका मतलब है पीना। प्राचीन भारत में शरबत को 'पनाका' कहकर पुकारा जाता था। हमारे शास्त्रों, पुराणों और अन्य ग्रंथों में भी इसका जिक्र मिलता है। तब पनाका फलों के रस से तैयार किए जाते थे। अर्थशास्त्र में शरबत को 'मधुपराका' के नाम से जाना गया है। यही इसका हिन्दी नाम भी माना जाता है। कहते हैं कि घर आए मेहमानों का स्वागत 'मधुपराका' से किया जाता था। यह शहद, दही और घी से तैयार किया जाता है। यहां तक कि 5 महीने प्रेग्नेंट महिलाओं को भी यह दिया जाता है, जो काफी हेल्दी था। शादी के बाद जब दूल्हा या दुल्हन अपनी ससुराल जाते थे तो ये मधुपराका उन्हें पीने के लिए दिया जाता था मुगल काल में भारत में शरबत के कई रूप आए। सम्राटों के लिए खुशबूदार शरबत तैयार किए जाने लगे। ये भी कहा जाता है कि जिस गुलाबी शरबत को हम आज पीना पसंद करते हैं, उसकी शुरुआत जहांगीर की महारानी नूरजहां ने की थी। हर रोज उन्हें रोज फालूदा मिलाकर दिया जाता था। फारसी परिवार इसे शिकंजाबिन कहते हैं, जो पानी और बर्फ को मिलाकर तैयार किया जाता है। इसे आप आज की शिकंजी समझ सकते हैं। मिस्र में चीनी और गुलाब की खूशबू वाला ड्रिंक बनाया जाता था।

# भाजपा का झूठ समझ चुकी जनता : गहलोत

» बोले- हमने कभी आमजन को परेशान नहीं होने दिया

» बेटे वैभव के समर्थन में मांगा वोट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जालोर। जालोर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जालौर सिरोही लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी अपने बेटे वैभव गहलोत के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करने पहुंचे। लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आज उन्होंने जालौर जिले के आहोर विधानसभा क्षेत्र के सियाणा और भाद्राजून में जनसभाओं को संबोधित किया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वैभव ने अपना मैनिफेस्टो जारी कर दिया है, जिसमें जालोर, सांचोर और सिरोही जिलों की तरक्की का रोडमैप बनाया गया है। इस वचन पत्र के माध्यम से इन जिलों की पेयजल, सिंचाई जल, रोजगार, ट्रेन, एयरपोर्ट आदि से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी और विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे। उन्होंने आमजन को यकीन दिलाया कि वैभव ने जालोर क्षेत्र के विकास के लिए जो वादे किए हैं, उन्हें वह जरूर पूरा करेगा। आपके सुख-दुख में खड़ा रहेगा और आपके लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा।



## थाने में रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं कराई

इस अवसर पर गहलोत ने आमजन से पूछा कि पिछले 15 साल से भाजपा सांसद रहे देवजी पटेल कभी गांवों में नजर आए, कभी किसी को दिखे। इस पर उपस्थित जनता ने कहा कि नहीं वह गांव में कभी नहीं आए। इस पर चुटकी लेते हुए गहलोत बोले, आप लोगों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं कराई कि सांसद जी गांव में नहीं दिखे, कहीं गुम गए हैं।

## भाजपा का 180 पार होना भी मुश्किल : श्रीनेत

बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के नामांकन रैली में शामिल होने राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत बिलासपुर पहुंची। इस दौरान सुप्रिया श्रीनेत ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रहे हैं। अब भाजपा 180 पार होने में भी मुश्किल है। अब लगातार उनकी सीटों की गिनती कम हो रही है। वे 150-160 सीट में अटक जाएंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हमारा देश युवाओं के देश है, लेकिन यहां रोजगार पर बात नहीं हो रही है। यहां युवाओं की बात नहीं हो रही है। महंगाई, बेरोजगारी से हर समस्या बढ़ रही है। केंद्र में 30 लाख पद खाली हैं उन्हें कब भरा जाएगा। सेना को ठेके पर चलाने का काम चला है, हम अग्निवीर भर्ती खत्म करेंगे। पेपर लीक पर माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई कब होगी। श्रीनेत ने कहा कि वो नारी न्याय की बात कर रहे हैं। महिलाएं आज असुरक्षित हैं, कांग्रेस की सरकार आती है तो 50त्न शासकीय नौकरी महिलाओं को दी जाएगी। गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना दिए जाएंगे। किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं। किसान दिल्ली में आकर अपनी बात रखना चाहते थे, उनके राह में रोड़े अटकाए गए।



### राहुल गांधी से कांपते हैं मोदी

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि बिलासपुर में एसईसीएल, रेलवे जोन है, लेकिन यहां के युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। आईआईटी, आईआईएम, एम्स नहीं हैं, क्योंकि यहां के सांसद मुद्दे नहीं उठा रहे। बिलासपुर से सबसे ज्यादा युवाओं का पलायन होता है, इसे क्यों ध्यान नहीं दिया जा रहा। मोदी जी से कुछ नहीं हो रहा, युवाओं को राहुल गांधी से उम्मीद है। नरेंद्र मोदी किसी से कांपते हैं, तो वो हैं राहुल गांधी।

### चुनावों में करारा जवाब देगी जनता

अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी काम किए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बुनियादी विकास, खेती, पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों में काम किए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को 2000 यूनिट और घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट फ्री बिजली दी गई। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई। गोशालाओं को अनुदान दिया गया, महिलाओं, बुजुर्गों को पेंशन दी गई। किसानों का कर्जा भी माफ किया। लेकिन भाजपा सरकार ने साढ़े तीन महीनों में ही कांग्रेस की चिरंजीवी, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, ओल्ड पेंशन स्कीम सहित विभिन्न योजनाओं को बंद कर दिया। राजीव गांधी युवा मित्रों को नौकरी से निकाल दिया। अब जनता भाजपा के इस झूठ को समझ चुकी है और लोकसभा चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

### कांग्रेस घोषणा पत्र के वादे पूरा करेगी

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में प्रदेशवासियों से लोकतंत्र को बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार जिस तरह ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए डर का माहौल बना रही है, उसे दूर करना जरूरी है। यह माहौल आमजन द्वारा मतदान कर बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से जनता की भलाई का काम करती आई है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पांच न्याय दिए हैं और सभी वर्गों के लिए 25 गारंटियां दी हैं, जिन्हें कांग्रेस जरूर पूरा करेगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# स्मारक समिति के कर्मचारियों ने वित्त प्रबंधक के खिलाफ की शिकायत

» लगाया दोहन और शोषण का आरोप, प्रमुख सचिव से लगाई न्याय की गुहार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। स्मारक समिति के कर्मचारियों ने वित्त प्रबंधक देवेंद्र मणी उपाध्याय पर शोषण का आरोप लगाकर प्रमुख सचिव व लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव को पत्र लिखकर कर न्याय की गुहार लगाई है। उधर कर्मचारियों के शिकायत पर स्मारक सदस्य सचिव ने प्रबंधक वित्त को निर्देश दिया कि वह उनकी समस्याओं का निराकरण करने को कहा।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समस्याओं का तुरंत निराकरण नहीं किया गया तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब हो कि कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि नियुक्त वित्त प्रबंधक देवेंद्र मणी उपाध्याय



द्वारा स्मारक कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है बिना स्मारक कर्मचारियों के सलाह किए हुए समय-समय पर सैलरी अकाउंट को भिन्न-भिन्न बैंकों में खोलने का कार्य करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्राक संख्या चार 2024 का पत्रक संख्या 15 /12 4.2024 का संज्ञानित करने के संदर्भ में कर्मचारियों ने आपसे आग्रह किया हैं कि अभी तक नियुक्ति तिथि से काटे गए सीपीएफ के पैसे का कोई खता नहीं खोला गया। कर्मचारियों ने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा एक्सिस बैंक में भी खाता वित्त प्रबंधक द्वारा खुलवाया गया था तमाम कर्मचारियों ने बैंकों से लोन ले रखा है जो समय से सैलरी ना मिलने के कारण उसका ब्याज अतिरिक्त भरते है अल्प वेतन भोगी कर्मचारी का यह एक तरह से शोषण है।

### राष्ट्रीयकृत बैंक में खोला जाए खाता

कर्मियों ने यूनियन बैंक में खाता खोलने से पहले पूर्व में लिए गए कर्मचारियों के लोन को माफ करा दिया जाए और सीपीएफ का खाता खोलने के बाद ही किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या समिति के नियमावली में उल्लेखित एसटीएससी बैंक में खाता खोला जाए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो हम यह समझते हैं कि कर्मचारियों इस नियमावली नियम का उल्लंघन है। कर्मियों ने कहा कि भविष्यनिधी को सुरक्षित रखते हुए तत्काल इस पर एक्शन ले और इस कार्यवाही को तब तक के लिए रोक दें जब तक पीछे का एनपीएस से लेकर लोन और सीपीएफ तक के पैसों के हिसाब क्लीयर ना हो जाएं।

# सऊदी सरकार के खिलाफ शहीद स्मारक पर प्रदर्शन

» पीएम मोदी से की मांग, सऊदी हुकूमत पर बनायें दबाव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। मौलाना फ़खरे मिल्लत डॉ यासूब अब्बास ने मदीने के जन्नतुल बकी कब्रिस्तान में पैगम्बर मोहमद साहब की बेटी जनाबे फातिमा और इमामों के रोजों को सऊदी सरकार के द्वारा ध्वस्त किये जाने के विरोध में आज शहीद स्मारक में विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमे हजारो लोगों ने शिरकत की।

गौरतलब है कि आज से 101 वर्ष पूर्व सऊदी अरब के शासक आले सऊद ने मोहम्मद साहब के खानदान वालों और उनकी बेटी के रोजों को ध्वस्त कर दिया था। मौलाना यासूब ने बताया की जिस रसूल का सब कलमा पढ़ते है उन्ही की बेटी का रोजा (कब्र व मकबरा) तोड़ दिया गया। आज जनाबे फातिमा की क़ब्र खुले आसमान के नीचे है। मौलाना यासूब अब्बास ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की है की वो सऊदी हुकूमत पे दबाव बनाये ताकि रोजे का पुनः निर्माण किया जा सके। सउदिया में शिया मुसलमानो पर हो रहे अत्याचारों को रोका जाये। ऑल इंडिया शिया पर्सनल बोर्ड के अध्यक्ष हुज्जतुल इस्लाम मौलाना साइम मेहंदी ने भारत के प्रधानमंत्री को पत्र लिख के इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। इस प्रदर्शन में डॉ मौलाना एजाज ने प्रदर्शन कि समाप्ति करते हुए आखरी मजलिस पढ़ी। इस प्रदर्शन में शहर के नामचीन शख्सियतों ने शिरकत की जिसमे मौलाना सदफ जौनपुरी, शिया कॉलेज प्रधानाचार्य एस हसन सईद, समाजशास्त्र के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ मिर्जा अबु तय्यब, फिरोज अब्बास मौलाना मीसम जैदी, राजनेता इंतजार आब्दी बॉबी आदि लोग शामिल हुए।

# सूर्या व बुमराह ने मुंबई को चमकाया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



इंडियंस ने पंजाब को 9 रन से रौंदा

मुल्लांपुर। मुल्लांपुर में पंजाब और मुंबई के बीच आईपीएल 2024 का मुकाबला खेला गया। इस मैच में मुंबई इंडियन्स ने पंजाब किंग्स को बेहद रोमांचक मुकाबले में 9 रन से हरा दिया। पंजाब की तरफ से आशुतोष शर्मा ने बेहतरीन पारी खेली लेकिन जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी के आगे वो फीकी रही। बता दें कि, आशुतोष शर्मा की 28 गेंद में 61 रन की पारी पर अनुभवी जसप्रीत बुमराह (चार ओवर में 21 रन तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी भारी पड़ी।

मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंद में 78 रन की आक्रामक पारी से सात विकेट पर 192 रन बनाने के बाद पंजाब को 19.1 ओवर में 183 रन पर आउट कर दिया। इस जीत से मुंबई सात मैच में तीन जीत से सातवें पायदान पर पहुंच गया जबकि सात मैचों में पांचवीं हार के बाद पंजाब नौवें स्थान पर खिसक गया। मैन ऑफ द मैच बुमराह के अलावा गेराल्ड कोएत्जी ने भी तीन विकेट लिये। आकाश मधवाल, कप्तान हार्दिक पंड्या और श्रेयस गोपाल को एक-एक सफलता मिली।

मुंबई के लिए सूर्यकुमार ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाने के साथ अपना 250वां आईपीएल मैच खेल रहे रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 गेंद में 81 और तिलक वर्मा के साथ 28 गेंद में 49 रन की साझेदारी की। रोहित ने 25 गेंद की पारी में दो चौके और तीन छक्के लगा कर 36 रन बनाये जबकि तिलक ने 18 गेंद पर नाबाद 34 रन की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के मारे।



# 'वोट देकर देश की आत्मा पर लगे घावों पर लगाएं मरहम'

## » राहुल गांधी ने मतदाताओं से कहा, नफरत को हराकर हर कोने में मोहब्बत की दुकान खोलें

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। जैसे ही शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू हुआ, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मतदाताओं से नफरत को हराकर लोकतंत्र को मजबूत करने और देश के हर कोने में मोहब्बत की दुकान खोलने का आग्रह किया। गांधी ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, आज मतदान का पहला चरण है! याद रखें, आपका प्रत्येक वोट भारत के लोकतंत्र और इसकी पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि बाहर निकलें और पिछले 10 वर्षों में देश की आत्मा पर लगे घावों पर अपने वोट का मरहम लगाकर लोकतंत्र को मजबूत करें।

कांग्रेस नेता ने कहा, नफरत को हराकर देश के हर कोने में मोहब्बत की दुकान खोलें। गांधी ने लोगों को कांग्रेस की प्रमुख



गारंटी का एक ग्राफिक भी साझा किया, जिसमें प्रशिक्षुता का अधिकार, एमएसपी की कानूनी गारंटी और राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना शामिल है। 2024 के लोकसभा चुनाव शुक्रवार को शुरू हो गए, जिसमें पहले चरण के लिए 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। मैदान में उतरने वालों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, द्रमुक की कनिमोझी और भाजपा के के अन्नामलाई शामिल हैं।

अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) में विधानसभा चुनाव भी एक साथ हो रहे हैं। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए मजबूत बहुमत की मांग कर रहा है, वहीं विपक्षी भारत गुट के घटक 2014 और 2019 के चुनावों में हार का सामना करने के बाद वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। आज पहले चरण का मतदान है! याद रहे, आपका एक-एक वोट भारत के लोकतंत्र और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करने जा रहा है। इसलिए बाहर निकलिए और पिछले 10 साल में देश की आत्मा को दिए गए ज़ख्मों पर अपने 'वोट का मरहम' लगाकर लोकतंत्र को मज़बूत कीजिए।

# वोट जरूर दें, ये भारत का भाग्य सुनिश्चित करेगा: मोदी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



अमरोहा। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। पहले चरण के मतदान से इतर सभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने मतदाताओं से अपने अधिकारों का उपयोग करने और लोकतंत्र के इस त्योहार में अपना वोट डालने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है और आपका वोट भारत का भाग्य सुनिश्चित करेगा।

संबोधन के दौरान आगे बढ़ते हुए पीएम मोदी ने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश की जनता हमारे पिछले दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर इस बार भी जनसेवा के लिए समर्पित एक मजबूत बीजेपी-एनडीए सरकार बनाने जा रही है। मोदी ने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है - कमल छाप! और अमरोहा का एक ही स्वर है - फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शामी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है।

## दो शहजादों की जोड़ी पहले ही रिजेक्ट

प्रधानमंत्री ने सपा-कांग्रेस गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की जोड़ी की फिल्म की शूटिंग चल रही है जिसका पहले ही रिजेक्शन हो चुका है। हर बार ये लोग परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की टोकरी उठाकर यूपी की जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। अपने इस अभियान में ये लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। यहां से जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उन्हें तो भारत माता की जय बोलने में भी परेशानी होती है।

# पश्चिमी यूपी में बारिश के बन रहे आसार

## बादलों की आवाजाही गर्मी से मिलेगी राहत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। पश्चिमी यूपी के मतदाताओं के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी यूपी के जिन क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान होने जा रहा है, वहां पर शुक्रवार को गर्मी से थोड़ी राहत रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक बादलों की आवाजाही लगी रहेगी और कहीं-कहीं हल्की फुहारें भी पड़ सकती हैं। ऐसे में तपती दोपहरी में बेहाल हो रहे लोग कुछ राहत महसूस कर सकते हैं।

वहीं, बृहस्पतिवार को प्रदेश में दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा। इसमें चार डिग्री तक की वृद्धि रही। प्रयागराज 42.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। आगरा में 41.8 डिग्री सेल्सियस और बुलंदशहर में 41 डिग्री



दिन का पारा रहा। कानपुर, इटावा, वाराणसी, बहराइच, सुल्तानपुर, फुरसतगंज, अयोध्या, बस्ती, झांसी और हमीरपुर में भी पारा 40 या इससे अधिक रहा। न्यूनतम तापमान कुछ इलाकों में सामान्य से कम रहा है। लखीमपुर खीरी में 24 डिग्री, फतेहगढ़ में 25.2, बुलंदशहर में 24 डिग्री रहा। प्रदेश में न्यूनतम तापमान 20 से अधिक ही रहा।

# कमलनाथ, बाबा रामदेव, रजनीकांत व कमल हासन ने भी किया मतदान

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश के छह संसदीय क्षेत्र में मतदान जारी है। इनमें सबसे हॉट सीट छिंदवाड़ा है। वहीं उत्तराखंड में बाबा रामदेव व बालकृष्ण ने वोट डाले। जबकि तमिलनाडु में फिल्म अभिनेता रजनीकांत व कमल हसन ने भी अपने मत का प्रयोग किया। छिंदवाड़ा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने परिवार के साथ मतदान किया।

पूर्व सीएम कमलनाथ ने अपने बेटे और छिंदवाड़ा के उम्मीदवार नकुलनाथ के अलावा धर्मपत्नी अलका नाथ व पुत्रवधू प्रिया नाथ के साथ हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद शिकारपुर स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान कमलनाथ ने कहा कि उन्हें छिंदवाड़ा की जनता पर विश्वस है। 45 साल में हुए विकास के लोग गवाह हैं। छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में नकुलनाथ का भाजपा









के विवेक बंटी साहू से मुकाबला है. भाजपा ने इस संसदीय सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी थी, वहीं कमलनाथ अपने परिवार के साथ चुनाव मैदान में डटे रहे। राज्य के अन्य हिस्सों की तरह छिंदवाड़ा में भी मतदाताओं में मतदान को लेकर खास उत्साह है।

# बस्तर में नक्सलियों ने किया आईडी ब्लास्ट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बस्तर। बस्तर लोकसभा सीट के लिए मतदान के दौरान छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी है। बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट से सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट घायल हो गए हैं।

प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ एसी मनु एचसी को बाएं पैर और बाएं हाथ में चोट लगी है। चिहका इलाके में सीआरपीएफ की टीम एरिया डोमिनेशन पर निकली थी। असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी 62 बटालियन की ई कंपनी में पदस्थ हैं। घटना भैरमगढ़ थाना इलाके की है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट के लिए मतदान चल रहा है। पोलिंग बूथों के बाहर मतदाताओं की कतार लगी है। 12 बजे तक 28 प्रतिशत मतदान हो चुका है। इस बार बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा-कांग्रेस सहित 11 उम्मीदवार मैदान में हैं।

# अमित शाह ने गांधीनगर से किया नामांकन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

गांधीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार (19 अप्रैल) को गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये उनके लिए गर्व की बात है कि गांधीनगर सीट से नरेंद्र मोदी खुद वोटर हैं। अमित शाह के नामांकन के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत बीजेपी के कई नेता मौजूद रहे।

नामांकन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, आज मैंने गांधीनगर सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि इस सीट का प्रतिनिधित्व लालकृष्ण आडवाणी, अटल जी



(पूर्व प्रधानमंत्री और बीजेपी नेता अटल बिहारी वाजपेयी) ने किया और जिस सीट से नरेंद्र मोदी खुद मतदाता हैं। मैं इस सीट से 30 साल तक विधायक और सांसद रहा हूं। इस क्षेत्र की जनता ने मुझे बहुत प्यार दिया है।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।